Online Reading Materials for students

आज कुलपति प्रोफेसर राजेश सिंह ने अपने आवासीय कार्यालय पर कुछ पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कोरोना वायरस एवं लाकडाउन के मद्देनजर आवश्यक निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से लड़ने के लिए देश भर में 14 अप्रैल तक लॉक डाउन कर दिया गया है।. उन्होंने छात्रों के लिए संदेश दिया है कि वर्क फ्राम होम की तरह स्टडी फ्राम होम किया जा सकता है। लेकिन बहुत सारे स्टूडेंट्स के सामने समस्या यह है कि आखिर वो क्या पढ़ें जो उनके कोर्स और सिलेबस का हो। उन्होंने बताया कि इस बात को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इंफॉरमेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आईसीटी) का प्रयोग कर ऑडियो-वीडियो और टेक्स्ट कंटेट हासिल करने के लिए कई लिंक बताए हैं। शिक्षकों के लिए भी पोर्टल पर रिसर्च जर्नल पढ़ने की सुविधा दी गई है । वहीं स्टूडेंट्स को ऑनलाइन नए कोर्स में प्रवेश लेने की सुविधा दी गई है। यूजीसी सेक्रेटरी प्रो. रजनीश जैन के पत्र का हवाला देते हुए प्रो सिंह ने कहा कि यू जी सी ने शिक्षक और छात्रों को इस संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र में महत्वपूर्ण लिंकों का उल्लेख किया गया है, जिसमें यूजी और पीजी स्तर पर जारी समस्त विषयों से लेकर रिसर्च के लिए कंटेंट मौजूद हैं। कॉलेज और शिक्षकों को ऑनलाइन कंटेंट उपलब्ध कराने का आदेश दिया है, जिससे कि परीक्षाएं निर्धारित समय पर कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि कालेज एवं स्नातकोत्तर विभागों के शिक्षकों को स्टडी मैटीरियल कालेज एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट परअपलोड करने हेतु कहा गया है परन्तु अभी इसकी गति उत्साहजनक नहीं है।उम्मीद है धीरे धीरे परिणाम अच्छे आयेंगे। इसके अतिरिक्त यूं जी सी ने कुछ लिंक छात्रों एवं शिक्षकों के लिए उपलब्ध कराया है उससे छात्र घर बैठे आसानी से परीक्षा की तैयारी भी कर सकते हैं। छात्र एवं शिक्षक इन वेब लिंक में जाकर अपने सिलेबस के अनुसार पूरा कन्टेंट पा सकते हैं।

1. स्वयम --------- www.swayam.gov.in पर यूजी-पीजी स्तर पर विभिन्न प्रोग्राम की पढ़ाई कर सकते हैं. इस पोर्टल पर स्कूल एजुकेशन, आउट ऑफ स्कूल एजुकेशन, अंडर ग्रेजुएट एजुकेशन और पोस्ट ग्रेजुएट श्रेणी में कोर्स उपलब्ध हैं.।
2. यूजी-पीजी मूक्स ---------------------- छात्र, http://ugcmoocs.inflibnet.ac.in/ugcmoocs/moocs_courses.php पर पीजी के 86 और यूजी के 222 कोर्स की ऑनलाइन स्टडी कर सकते हैं।
3. ई पीजी पाठशाला ----------------------- https://epgp.inflibnet.ac.in/ वेबसाइट पर स्टूडेंट पीजी स्तर पर 40 डिसिप्लिन में 23 हजार से अधिक मॉड्यूल के जरिए पढ़ाई जारी रख सकते हैं. यहां 20 हजार से अधिक ई-टेक्स्ट और 19 हजार से अधिक वीडियो कंटेट उपलब्ध हैं. -ई कंटेंट कोर्स वेयर फॉर यूजी http://cec.nic.in/cec/ वेबसाइट पर 87 यूजी कोर्स का ई-कंटेंट यहां हासिल कर सकते हैं. वेबसाइट पर 24110 ई-कंटेंट मॉड्यूल उपलब्ध हैं।

4. स्वयंप्रभा ---------------- https://swayamprabha.gov.in/ वेबसाइट पर 32 डीटीएच चैनल के जरिए यूजी-पीजी स्तर के सभी डिसिप्लिन में पढ़ाई कराई जा रही है।
5. सीईसी-यूजीसी यू-ट्यूब चैनल ------------------------------------ https://www.youtube.com/user/cecedusat से आप यूट्यूब के जरिए अपनी पढ़ाई कर सकते हैं।
6. नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ------------------------------ https://ndl.iitkgp.ac.in/ इस वेबसाइट के जरिए स्टूडेंट सभी भाषाओं में देशभर के लाइब्रेरी में उपलब्ध कंटेंट को ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।
7. शोध गंगा ------------- https://shodhganga.inflibnet.ac.in/ वेबसाइट पर दो लाख 60 हजार से अधिक ई-थीसिस मौजूद हैं. जिनकी शोधार्थी रिसर्च के दौरान मदद ले सकते हैं।
8. ई-शोध सिंधु ------------------- https://ess.inflibnet.ac.in/ इस वेबसाइट पर 15 हजार से अधिक कोर जर्नल और पीयर रिव्यू जर्नल मौजूद हैं. रिसर्च स्कॉलर के साथ शिक्षक भी इस वेबसाइट का लाभ उठा सकते हैं।
9. विद्वान ---------- https://vidwan.inflibnet.ac.in/ यह वेबसाइट फैकल्टी के लिए है. इस वेबसाइट पर 49,652 विशेषज्ञ, 5,786 ऑर्गेनाइजेशन और सात लाख 55 हजार 195 साइटेशन मौजूद हैं।

छात्रों से उन्होंने अपील की है कि घर पर समय ब्यर्थ न गबायें बलकि इन लिंकपर जाकर पढ़ाई करें। इससे समय पर परीक्षा लेने एवं सत्र नियमित करने में मदद मिलेगी।

सभी विभागाध्यक्षों एवं प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि इन वेब लिंक को विभागीय एवं कालेज व्हाट्सएप ग्रुप या अन्य माध्यमों से छात्रों तक पहुंचाने की ब्यवस्था करें। अपने अपने जनपद में चलने वाले समाचार पत्रों में भी प्रकाशन हेतु प्रेषित करें। घर पर ही बैठकर "विश्वविद्यालय सम्वाद " वहाट्सएप ग्रूप , विश्वविद्यालय वेब साइट तथा अपने कालेज के मेल का अवलोकन करेते रहें ।अपने अपने कालेज वेबसाईट को भी इन खबरों से अपडेट करते रहें।